एक नजर में

एक माह तक नहीं मिली पोस्टमार्टम रिपोर्ट

शुजालपुर, 8 जुलाई . सिविल अस्पताल में पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने में करीब एक माह की देरी को लेकर बुधवार को बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने अस्पताल परिसर में प्रदर्शन किया . करीब दो घंटे तक चले विरोध के दौरान कार्यकर्ताओं ने परिजनों को समय पर दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराने पर नाराजगी जताई . सूचना मिलने पर मंडी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और समझाइश के बाद मामला शांत कराया . मामला अकोदिया क्षेत्र के ग्राम चापड़िया निवासी राजेंद्र राजपूत के पिता की सड़क दुर्घटना में हुई मृत्यु से जुड़ा है . परिजनों का कहना है कि 31 मई को पोस्टमार्टम होने के बाद से वे लगातार रिपोर्ट और मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए अस्पताल के चक्कर लगा रहे थे . आवश्यक दस्तावेज नहीं मिलने से बैंक सहित अन्य वैधानिक कार्य भी प्रभावित हो रहे थे . इसके बाद उन्होंने बजरंग दल कार्यकर्ताओं के साथ अस्पताल पहुंचकर जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की . अस्पताल प्रभारी डॉ . राम सलोने मिश्रा ने बताया कि जांच में सामने आया कि पोस्टमार्टम से संबंधित ऑनलाइन प्रविष्टि में थाना कोड का तकनीकी असंगत उपयोग होने के कारण अस्पताल के पोर्टल पर प्रकरण प्रदर्शित नहीं हो सका . इसके चलते रिपोर्ट जारी होने में विलंब हुआ . उन्होंने बताया कि तकनीकी समस्या के बावजूद संबंधित आउटसोर्स ऑपरेटर ने न तो परिजनों को सही जानकारी दी और न ही वरिष्ठ अधिकारियों को समय पर अवगत कराया . इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए ऑपरेटर की सेवाएं समाप्त करने की बात कही गई . उधर एक चिकित्सक को भी सूचना पत्र जारी करने की बात कही .

धर्मशाला के लिए विधायक निधि से 51 लाख की घोषणा

मक्सी, 8 जुलाई . नगर स्थित लोधी समाज धर्मशाला में आयोजित भव्य सम्मान एवं सामाजिक कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक अरुण भीमावद ने समाज की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए विधायक निधि से लोधी समाज धर्मशाला निर्माण हेतु 51 लाख रुपए प्रदान करने की घोषणा की . इस घोषणा का उपस्थित समाजजनों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ स्वागत किया . कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष गोविंद गोलू पटेल ने धर्मशाला के लिए 51 पंखे एवं 2 जंबो कूलर देने की घोषणा की . वहीं नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि मोहन सिंह कालू पटेल ने अपनी ओर से 2 बड़े वाटर कूलर भेंट करने की घोषणा की . कार्यक्रम के प्रारंभ में विधायक अरुण भीमावद एवं भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ . रवि पांडे का लोधी समाज द्वारा गुलाब की पंखुड़ियों से भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया . इस अवसर पर विधायक ने कहा कि मक्सी का लोधी समाज सदैव उनके साथ मजबूती से खड़ा रहा है और समाज के स्नेह व विश्वास का ऋण वे विकास कार्यों के माध्यम से चुकाते रहेंगे . भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ . रवि पांडे ने अपने संबोधन में समाज के युवाओं के रोजगार एवं उनके उज्जवल भविष्य के लिए निरंतर प्रयास करने का भरोसा दिलाया . इस अवसर पर रानी अवंतीबाई लोधी युवा निर्माण समिति द्वारा विधायक अरुण भीमावद को रानी अवंतीबाई लोधी का चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया, जबकि समाज की ओर से भगवान महाकाल का स्मृति चिह्न प्रदान कर अतिथियों का अभिनंदन किया गया . कार्यक्रम में सुनील नानू पंड्या, हंसराज जैन, मुकेश गर्ग, रूपनारायण बिसानी, राधेश्याम परमार, विष्णु प्रसाद मंडलोई, भगवान सिंह मंडलोई, ओम पाटीदार, कैलाशचंद दुबे, पूजा लोधी सहित बड़ी संख्या में पार्षद, पूर्व पार्षद, समाज के वरिष्ठजन, युवा एवं मातृशक्ति उपस्थित रहे . संचालन लोधी राधेश्याम देवड़ा ने किया . आभार मोड़सिंह लोधी ने माना .

सेफ क्लिक 2 .0 अभियान का समापन

आगर-मालवा, 8 जुलाई . मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा संचालित राज्य स्तरीय सेफ क्लिक 2 .0 सुरक्षित क्लिक सुरक्षित जीवन अभियान का समापन 8 जुलाई को मधुबन गार्डन में आयोजित किया गया . मुख्य अतिथि कलेक्टर प्रीति यादव रहीं . कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सोनी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रविन्द्र कुमार बोयट, अनुविभागीय पुलिस अधिकारी मोतीलाल कुशवाहा एवं देवनारायण यादव सहित जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारी, पुलिस अधीक्षक कार्यालय एवं पुलिस लाइन का समस्त पुलिस बल, पत्रकार, शैक्षणिक संस्थानों के शिक्षक-विद्यार्थी तथा बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे . कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ . मंच संचालन सहायक उप निरीक्षक संतोष खजुरिया द्वारा प्रभावी एवं गरिमामय ढंग से किया गया . कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर प्रीति यादव ने कहा कि वर्तमान समय में साइबर सुरक्षा केवल पुलिस अथवा प्रशासन का विषय नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है . उन्होंने अभियान के माध्यम से जिलेभर में किए गए व्यापक जनजागरूकता प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यदि प्रत्येक नागरिक सतर्क एवं जागरूक रहेगा, तो साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सकता है . उन्होंने विशेष रूप से विद्यार्थियों एवं युवाओं से स्वयं जागरूक बनने तथा अपने परिवार एवं समाज को भी साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया . पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सोनी ने बताया कि सेफ क्लिक 2 .0 अभियान के दौरान जिला पुलिस ने विद्यालयों, महाविद्यालयों, ग्राम पंचायतों, बाजारों, धार्मिक स्थलों, स्वास्थ्य संस्थानों एवं सार्वजनिक स्थानों पर व्यापक साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए . उन्होंने कहा कि जागरूक नागरिक ही साइबर अपराधों के विरुद्ध सबसे बड़ी सुरक्षा है तथा जिला पुलिस भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी अभियान निरंतर संचालित करती रहेगी .

वक्फ ने सरकारी जमीन को फर्जी तरीके से शामिल किया

नईसड़क पर पुलिस चौकी के लिए आरक्षित थी जमीन

शाजापुर, 8 जुलाई. जिस जमीन को शाजापुर कलेक्टर ने सरकारी घोषित किया, उसके बाद शाजापुर में वक्फ के कुछ तथाकथित सदस्यों ने फर्जी तरीके से उक्त सरकारी जमीन को वक्फ में शामिल कर लिया और भोपाल वक्फ बोर्ड ने बकायदा उसे वक्फ की जमीन बता दिया, लेकिन यह मामला हाईकोर्ट में था, जिस पर हाईकोर्ट ने स्थगन आदेश हटाकर उक्त जमीन को सरकारी बताया.

गौरतलब है कि शाजापुर नईसड़क स्थित भूतेश्वर मंदिर के पास दरगाह गेबशाह वली मनिहारवाड़ी की जो जमीन वक्फ की बताई जा रही है, वो सरकारी थी, जिसे कलेक्टर ने अप्रैल 2024 में सरकारी घोषित किया था, लेकिन शाजापुर में जो वक्फ बोर्ड के सदस्य हैं, उन्होंने कलेक्टर के आदेश के बाद भी अगस्त 2024 को भोपाल वक्फ बोर्ड में उक्त दरगाह की जमीन को वक्फ की जमीन बता दिया, जिस पर भोपाल वक्फ बोर्ड ने वक्फ की जमीन के आदेश भी जारी कर दिए. यह मामला हाईकोर्ट पहुंचा, जिस पर हाईकोर्ट ने स्थगन आदेश को हटाकर उक्त जमीन प्रशासन को सौंपी.

कौन है वो सदर जिन्होंने वक्फ में फर्जीवाड़ा किया

शाजापुर में वक्फ बोर्ड के जिन सदस्यों ने सरकारी जमीन होने के बाद भी उसे वक्फ में शामिल कराया, उनके खिलाफ फर्जीवाड़े की कार्यवाही होना चाहिए. क्योंकि कलेक्टर द्वारा प्रकरण क्रमांक 001/अ-6/2024-25 आदेश दिनांक 26 अप्रैल 2024 के अनुसार खसरा नंबर 321 इसी प्रकार न्यायालय कलेक्टर प्रकरण क्रमांक 001 आदेश दिनांक 26 अप्रैल 2024 से मप्र शासन किया गया. चालू चबुतरा कच्चा महादेव जी की गुफा रकबा क्रमांक 0.021 है. साथ ही पुलिस सहायता केंद्र हेतु आरक्षित रकबा 0.060 है. लेकिन इस आदेश के बाद वक्फ बोर्ड शाजापुर के सदस्यों ने फर्जी तरीके से 18 अगस्त 2024 को उक्त जमीन दरगाह गेबशाह वली मोहल्ला मनिहारवाड़ी के नाम दर्ज करा दी, जिसे बकायदा वक्फ बोर्ड भोपाल द्वारा आदेशित किया, जिस पर वक्फ बोर्ड चेयरमेन ने अपने दस्तखत से 321/5 रकबा 0.21 हेक्टेयर को इंद्राज किया गया है.

सदस्यों के फर्जीवाड़े पर होगी कार्यवाही ...

शाजापुर वक्फ में जो वर्तमान में सदस्य हैं, उन्होंने कूटरचना कर सर्वे नंबर 321 को जो सरकारी है, उसे 321/5 बताकर वक्फ में शामिल कराया . इस फर्जीवाड़े को लेकर क्या जिले के वक्फ सदस्यों के खिलाफ प्रशासन कोई कार्यवाही करेगा . क्योंकि जो जमीन पहले से ही सरकारी घोषित थी, उसके बाद उसे वक्फ में शामिल किया गया, जो एक गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है .

सनवर पटेल को भाजपा ने बनाया अध्यक्ष

मप्र वक्फ बोर्ड के चेयरमेन सनवर पटेल, जिन्हें हाल ही में सरकार ने दोबारा चेयरमेन मनोनीत किया है, लेकिन उनके ही हस्ताक्षर से सरकारी जमीन को वक्फ में शामिल करने का आदेश चर्चा का विषय है . इस संबंध में नवभारत ने जब सनवर पटेल को फोन पर इस संबंध में जानकारी चाही, तो उन्होंने कागज देखने के बाद आगे की बात करने की बात कही . सवाल यह उठता है कि ऐसे मप्र में कितने जिले होंगे, जहां सरकारी जमीन होने के बाद भी उन्हें वक्फ में शामिल किया जा रहा है . यह एक जांच का विषय है .

इनका कहना है

कागज देखने के बाद ही इस विषय पर कुछ कहा जा सकता है.
- सनवर पटेल, चेयरमेन, मप्र वक्फ बोर्ड, भोपाल

करंट लगने से हुई मवेशी की मौत, मौके पर पहुंची विद्युत विभाग की टीम

शाजापुर, 8 जुलाई. बस स्टैंड परिसर में मंगलवार रात करंट फैलने से एक गोवंश की मौत हो गई. घटना की सूचना मिलने पर गौरक्षा सेना के पदाधिकारी और बिजली कंपनी की टीम तुरंत मौके पर पहुंची. टीम ने विद्युत आपूर्ति में आई खराबी को दूर कर स्थिति को सुरक्षित किया. गौरक्षा सेना के हर्षित परमार ने बताया कि उन्हें बस स्टैंड परिसर में एक नंदी के करंट की चपेट में आने की सूचना मिली थी. सूचना मिलते ही जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा और अन्य सदस्य भारी बारिश के बावजूद मौके पर पहुंचे. लेकिन तब तक गोवंश की मौत हो चुकी थी. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बस स्टैंड परिसर में लगे लोहे के अर्थिंग में करंट प्रवाहित हो रहा था, जिसके कारण यह हादसा हुआ. गौरक्षा सेना ने तुरंत बिजली कंपनी को घटना की जानकारी दी. जब कर्मचारी मौके पर पहुंचे और करंट के स्रोत की तलाश कर सुधार कार्य प्रारंभ किया.

श्री गौरीशंकर मंदिर में विराजेगा शिव परिवार

कलश यात्रा के साथ प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ

सुसनेर, 8 जुलाई. वार्ड 12 में परसुलिया रोड स्थित पुष्प शक्ति विहार कॉलोनी के श्री गौरीशंकर महादेव मंदिर में शिव परिवार की स्थापना को लेकर पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का बुधवार को बेहद भव्य और भक्तिमय माहौल में शुभारंभ हो गया. इस पावन महोत्सव की शुरुआत दोपहर में सिंचाई विभाग के मनकामनेश्वर महादेव मंदिर से निकाली गई एक विशाल एवं भव्य कलश यात्रा के साथ हुई.

मनकामनेश्वर मंदिर से शुरू हुई यह मंगल कलश यात्रा विभिन्न मार्गों से होती हुई पुष्प शक्ति विहार कॉलोनी के श्री गौरीशंकर महादेव मंदिर पहुंची. कलश यात्रा में बड़ी संख्या में मातृशक्ति और श्रद्धालु सिर पर मंगल कलश धारण कर, पारंपरिक परिधानों में भक्तिभाव के साथ शामिल हुए. पूरी यात्रा के दौरान भगवान शिव के जयकारों और भजनों से माहौल पूरी तरह शिवमय हो गया. इस पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह है. मंदिर में शिव परिवार की मूर्तियों की स्थापना पूरी धार्मिक विधि-विधान और शास्त्रों के अनुसार की जा रही है.

वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हो रहा अनुष्ठान

यज्ञाचार्य एवं पंडित वेदप्रकाश भट्ट के सान्निध्य में विद्वान ब्राह्मणों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ इस अनुष्ठान की सभी क्रियाएं संपन्न करवाई जा रही हैं . उन्होंने बताया कि इन पांच दिनों में जलाधिवास, अन्नाधिवास, घृताधिवास सहित विभिन्न अधिवासों के बाद मूर्तियों की नगर परिक्रमा और फिर पूर्ण आहुति के साथ प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी . कॉलोनी और आसपास के क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने इस धार्मिक आयोजन को क्षेत्र की सुख-समृद्धि के लिए बेहद कल्याणकारी बताया है . आगामी दिनों में मंदिर परिसर में विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा .

115 मरीजों की हुई नेत्र जांच

शुजालपुर, 8 जुलाई. शुजालपुर क्षेत्र को अंधत्व से मुक्त करने के उद्देश्य से सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत शुजालपुर मंडी स्थित सेवा सदन नेत्र जांच केंद्र पर नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किया गया.

शिविर में 115 मरीजों की आंखों की जांच की गई. साथ ही मरीजों का शुगर एवं रक्तचाप परीक्षण भी किया गया. जांच के दौरान 61 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया. सभी चयनित मरीजों को शुजालपुर मंडी स्थित सेवा सदन नेत्र जांच केंद्र के सामने से बस द्वारा सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय के नए अस्पताल गांधीनगर भोपाल के लिए रवाना किया गया, जहां उनका नि:शुल्क ऑपरेशन किया जाएगा. शिविर संयोजक जानीमल सबनानी, सोनू सबनानी एवं पंकज सबनानी परिवार की ओर से मरीजों के लिए भोजन के पैकेट, चाय एवं पेयजल की व्यवस्था की गई. शिविर में नेहा सोनी ने शुगर एवं रक्तचाप की जांच की. सेवा सदन के जिला प्रभारी खुशीराम आचार्य ने बताया कि शुजालपुर क्षेत्र को अंधत्व मुक्त बनाने के लक्ष्य के साथ प्रत्येक रविवार आसपास के गांवों में नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं. शिविरों में चयनित मरीजों को उपचार एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए भोपाल भेजा जाता है. शिविर को सफल बनाने में हरिनारायण परमार, रमेश परमार, सतीश चौधरी, कपिल परमार एवं संतोष पाटीदार का विशेष सहयोग रहा. अगला नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर 30 जुलाई को आयोजित किया जाएगा.

नरोला हीरापुर में एक बकरा और चार बकरी चोरी

शुजालपुर, 8 जुलाई. क्षेत्र में पशु चोरी की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं. मंडी थाना क्षेत्र के ग्राम नरोला हीरापुर में अज्ञात बदमाश एक बकरा और चार बकरियां चोरी कर ले गए. पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

पुलिस के अनुसार नरोला हीरापुर निवासी 46 वर्षीय लक्ष्मीबाई मालवीय ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह मजदूरी करने के साथ बकरियां पालती हैं. 28 जून की शाम रोजाना की तरह वह अपने एक बकरे और चार बकरियों को चराकर घर के पास बनी टापरी में बांधकर सो गई थीं. 29 जून की सुबह करीब 5. 30 बजे उठकर देखा तो टापरी से एक काला बकरा और चारों बकरियां गायब थीं. काफी तलाश के बाद भी उनका कोई पता नहीं चला, जिसके बाद उन्होंने मंडी थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई. पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है. गौरतलब है कि इससे एक दिन पहले ही मंडी थाना क्षेत्र के ग्राम भुगोर में भी 10 बकरे-बकरियों की चोरी का मामला दर्ज हुआ था.

अस्पताल का आकस्मिक निरीक्षण

शाजापुर, 8 जुलाई. डिप्टी कलेक्टर सुश्री नेहा गंगारे एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. कमला आर्य ने गत दिवस जिला चिकित्सालय शाजापुर का आकस्मिक निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान उन्होंने सर्वप्रथम ट्रामा सेंटर स्थित ओपीडी कक्ष का निरीक्षण किया, जिसमें अधिकांश स्थानों पर चिकित्सक निर्धारित समय से अनुपस्थित पाए गए. संबंधित अनुपस्थित चिकित्सकों के एक दिवस का वेतन काटने के निर्देश सिविल सर्जन को दिए गए. वार्ड के निरीक्षण में सफाईकर्मी श्रीमती विनिता चौहान द्वारा समय पर सफाई नहीं करने पर संबंधित के एक दिवस के वेतन काटने के निर्देश दिए. इसके साथ ही मेट्रन श्रीमती कृष्णकांता चौहान अवकाश पर पाई गई जिनकी जानकारी चाही गई. आरएमओ कक्ष में कोई भी अधिकारी एवं कर्मचारी ड्यूटी पर उपस्थित नहीं थे.

पुल पुलियाओं पर संकेतक लगवाएं

आगर- मालवा, 8 जुलाई. वर्षा काल में अतिवृष्टि बाढ़ की संभावना को देखते हुए जन सुरक्षा के लिए सभी निचले पुल एवं पुलियाओं और रपटो पर पानी के बहाव की स्थिति में यातायात रोकथाम के लिए नामजद कर्मचारियों की ड्यूटी लगाएं, साथ ही सभी निर्माण विभाग सभी पुल पुलियाओं और रपटों पर चेतावनी एवं सड़क सुरक्षा संबंधी संकेतक भी लगवाना सुनिश्चित करें,

बिना ई-टोकन के हो खाद का वितरण

दवाई की समस्या पर किसान संघ ने उठाई आवाज

सोयतकलां, 8 जुलाई. भारतीय किसान संघ की तहसील बैठक का आयोजन स्थानीय स्तर पर संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में संपन्न हुआ. बैठक में बड़ी संख्या में किसानों ने सहभागिता कर संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा किसानों की समस्याओं के समाधान पर विस्तार से चर्चा की.

बैठक में किसान समाज में जागरूकता बढ़ाने, आगामी 11 जुलाई को होने वाले जिला स्तरीय कार्यक्रम की तैयारियों, तहसील एवं ग्राम स्तर के समस्त पदाधिकारियों की जानकारी अद्यतन रखने तथा प्रत्येक कार्यकर्ता द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में नए गांवों तक संगठन का विस्तार करने का निर्णय लिया गया. इसके साथ ही तहसील एवं जिला स्तर पर प्रशिक्षण वर्ग आयोजित करने, कार्य विभाजन एवं संचालन व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने तथा 30 सितंबर को दिल्ली में आयोजित होने वाले महिला सम्मेलन में अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित करने पर भी चर्चा हुई. सम्मेलन में भोजन, आवास एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की रूपरेखा भी तय की गई. बैठक में किसानों ने खाद का वितरण बिना ई-टोकन व्यवस्था के किए जाने की मांग प्रमुखता से उठाई. किसानों का कहना था कि ई-टोकन व्यवस्था के कारण समय पर खाद उपलब्ध नहीं हो पा रही है, जिससे किसानों को अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. बैठक में मुख्य रूप से प्रांत कार्यालय मंत्री सीताराम प्रजापति, जिला सह मंत्री गोपाल चौधरी, जिला मंडी प्रमुख जगदीश सिंह चौहान, तहसील अध्यक्ष रामदयाल पाटीदार, तहसील मंत्री सीताराम डांगी, तहसील उपाध्यक्ष बालू सिंह चौहान, तहसील सदस्य कैलाश परासिया, विष्णु चौधरी, जगदेव सिंह, योगेंद्र सिंह चौहान, मनोहर लाल, तहसील युवा वाहिनी प्रमुख पुरुषोत्तम दांगी, बद्रीलाल, तेज सिंह, पप्पू तिवारी, शोभाराम, अनिल श्रृंगी सहित मातृशक्ति एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे. जानकारी तहसील प्रवक्ता हरीश पटेल ने दी.

5 सूत्रीय मांगों के निराकरण की उठाई मांग

शुजालपुर, 8 जुलाई. मध्यप्रदेश पटवारी संघ के प्रादेशिक आह्वान पर बुधवार को जिले के सभी तहसील मुख्यालयों पर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपे गए. तहसीलदार के माध्यम से प्रेषित ज्ञापन में पटवारी संवर्ग की वर्षों से लंबित पांच सूत्रीय मांगों का शीघ्र निराकरण करने तथा मुख्यमंत्री स्तर पर पटवारी संघ के प्रतिनिधियों से चर्चा कर समाधान निकालने की मांग की गई.

संघ ने ज्ञापन में कहा कि कैडर रिव्यू लागू कर वेतनमान विसंगति दूर की जाए तथा कैडर रिव्यू लागू होने तक पटवारियों को पदोन्नति एवं समयमान वेतनमान का लाभ दिया जाए. इसके अलावा वर्ष 2018 के बाद से लंबित नायब तहसीलदार की विभागीय परीक्षा शीघ्र आयोजित करने, पटवारियों को जज प्रोटेक्शन एक्ट के दायरे में शामिल करने तथा विभिन्न योजनाओं के लंबित मानदेय का तत्काल भुगतान किए जाने की मांग भी रखी गई. ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि स्थानांतरण नीति के विपरीत पटवारी संघ के पदाधिकारियों के किए गए तबादलों को निरस्त किया जाए तथा कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण के लिए नियमित परामर्शदात्री समिति की बैठकें आयोजित की जाएं. पटवारी संघ ने चेतावनी दी है कि यदि आगामी 7 दिनों में मांगों का समाधान नहीं किया गया तो प्रदेशभर के पटवारी 15 से 17 जुलाई 2026 तक तीन दिवसीय सामूहिक सांकेतिक अवकाश पर रहेंगे. इसके बाद भी मांगें पूरी नहीं होने पर चरणबद्ध आंदोलन शुरू किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी. उक्त जानकारी पटवारी संघ जिलाध्यक्ष हरिओम हनोतिया ने दी.

संख्यात्मक ज्ञान के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर

शिक्षा पोर्टल के कार्यों की समीक्षा, घर-घर सर्वेक्षण प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया

शुजालपुर, 8 जुलाई. जनपद शिक्षा केंद्र शुजालपुर में मंगलवार को संकुल केंद्र अकोदिया, अवंतिपुर बड़ोदिया एवं पोलायकला के प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों के प्रधान अध्यापकों एवं प्रभारियों की आवश्यक बैठक आयोजित की गई. बैठक में शिक्षा पोर्टल के विभिन्न कार्यों की समीक्षा करते हुए बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान एफएलएन के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया गया.

बैठक में बीआरसीसी सुरेन्द्र गोखले ने शिक्षा पोर्टल 3.0 पर कक्षा एक में प्रवेश, कक्षाओं का अद्यतन, बाल अनुगमन अनुप्रयोग के माध्यम से सर्वेक्षण, सत्र 2026-27 की विद्यालय एवं विद्यार्थी जानकारी का अद्यतन, छात्रवृत्ति, गणवेश, समग्र विद्यालय सूचना प्रणाली यू डाइस प्लस पर कक्षा अद्यतन, अपार पहचान पत्र एपीएएआर आईडी निर्माण तथा पाठ्यपुस्तकों के वितरण सहित विभिन्न शैक्षणिक एवं प्रशासनिक कार्यों की समीक्षा की. उन्होंने बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान की कक्षाओं के नियमित संचालन, राज्य स्तर से प्राप्त शिक्षण सामग्री के प्रभावी उपयोग तथा विद्यालय स्तर पर प्रधान अध्यापकों की भूमिका पर विस्तार से चर्चा करते हुए आवश्यक तकनीकी मार्गदर्शन दिया. बैठक के दूसरे सत्र में साक्षरता स्रोत समन्वयक मनराज परमार ने नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए घर-घर सर्वेक्षण तथा राष्ट्रीय भारत साक्षरता कार्यक्रम के मोबाइल अनुप्रयोग के माध्यम से पंजीयन की प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया. दोपहर बाद आयोजित ब्लॉक परियोजना प्रबंधन इकाई की बैठक में मिशन अंकुर के ब्लॉक प्रभारी संजय राजपूत एवं रवि विश्वकर्मा ने बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान कार्यक्रम के अंतर्गत अप्रैल एवं जून माह की प्रगति की समीक्षा प्रस्तुत करते हुए शिक्षण गुणवत्ता में सुधार के लिए आवश्यक चर्चा की.

परिणाम में सुधार के दिए निर्देश

बीआरसीसी सुरेन्द्र गोखले ने शैक्षणिक समन्वयकों एवं जनशिक्षकों को प्रभावी मार्गदर्शन, नियमित विद्यालय अवलोकन तथा विद्यार्थियों के सीखने के परिणामों में सुधार के लिए दिशा-निर्देश दिए.

एक नजर में उत्कृष्ट विद्यालय छात्रावास के बच्चों ने रोपा एक पेड़ मां के नाम

उत्कृष्ट के छात्रावास में पौधे रोप कर संजो रहे मां और घर की यादें

शाजापुर, 8 जुलाई. शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय शाजापुर के बालक एवं बालिका छात्रावास में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, पर्यावरण संरक्षण तथा भावनात्मक संवेदनाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से एक पेड़ मां के नाम अभियान अत्यंत उत्साह और प्रेरणादायक वातावरण में संचालित किया जा रहा है. इस अनूठी पहल के अंतर्गत छात्रावास में अध्ययनरत प्रत्येक विद्यार्थी अपने घर से दूर रहते हुए अपनी मां और परिवार की स्मृतियों को जीवंत बनाए रखने के लिए छात्रावास परिसर में एक पौधा रोपित कर रहा है. यह पौधा केवल एक वृक्ष नहीं, बल्कि मां के स्नेह, परिवार के प्रेम, संस्कारों और प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी का प्रतीक बन रहा है.

बालक छात्रावास अधीक्षक ओम प्रकाश पाटीदार के अनुसार ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों से शिक्षा प्राप्त करने के लिए छात्रावास में रहने आने वाले बच्चों के लिए प्रारंभिक दिनों में परिवार और विशेष रूप से मां की याद स्वाभाविक रूप से भावुक कर देती है. ऐसे समय में यह अभियान बच्चों को भावनात्मक संबल प्रदान करता है. प्रत्येक विद्यार्थी अपने पौधे को अपनी मां के नाम समर्पित करते हुए उसकी नियमित सिंचाई, सुरक्षा और देखभाल का संकल्प लेता है. समय के साथ जब पौधा विकसित होता है, तब विद्यार्थी उसमें अपनी मां के स्नेह और आशीर्वाद का अनुभव करते हैं. इससे उनमें प्रकृति के प्रति प्रेम, जिम्मेदारी की भावना तथा पर्यावरण संरक्षण के संस्कार भी विकसित होते हैं. बालिका छात्रावास अधीक्षक श्रीमती ज्योति धाकड़ ने बताया कि इस अभियान के माध्यम से छात्रावास परिसर को हरित एवं स्वच्छ बनाने के साथ-साथ विद्यार्थियों को जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता संरक्षण और वृक्षों के महत्व के प्रति भी जागरुक किया जा रहा है. विद्यार्थियों को बताया जा रहा है कि आज लगाया गया एक पौधा भविष्य में अनेक लोगों को शुद्ध वायु, छाया और पर्यावरणीय सुरक्षा प्रदान करेगा. इस प्रकार यह अभियान भावनात्मक जुड़ाव और पर्यावरण संरक्षण का सुंदर संगम प्रस्तुत करता है.

नवाचारों के साथ अभियान प्रारंभ किया

इस प्रेरणादायी पहल को शासकीय उत्कृष्ट विद्यालयए शाजापुर के प्राचार्य श्री हेमंत यादव के मार्गदर्शन एवं प्रोत्साहन से सफलतापूर्वक संचालित किया जा रहा है . उन्होंने बताया कि शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि विद्यार्थियों में संवेदनशीलता, प्रकृति प्रेम, सामाजिक उत्तरदायित्व और मानवीय मूल्यों का विकास भी समान रूप से आवश्यक है . इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए छात्रावास में विभिन्न नवाचारों के साथ यह अभियान प्रारंभ किया गया है . विद्यार्थियों ने भी इस पहल को अत्यंत उत्साह के साथ अपनाया है . वे अपने पौधों को नाम देकर नियमित रूप से उनकी देखभाल कर रहे हैं तथा अन्य साथियों को भी अधिक से अधिक वृक्ष लगाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं .

ई अटेंडेंस के लिए उफनता नाला पार कर स्कूल पहुंचे टीचर

शाजापुर, 8 जुलाई. जिले के मोहन बड़ोदिया विकासखंड में भारी बारिश के कारण शिक्षकों को जान जोखिम में डालकर स्कूल पहुंचना पड़ रहा है. एकीकृत शासकीय हाई स्कूल नौलाया के पास स्थित नाले में पानी भरने से मुख्य मार्ग जलमग्न हो गया है. शासन की ई अटेंडेंस व्यवस्था के चलते शिक्षकों को समय पर विद्यालय पहुंचकर उपस्थिति दर्ज करनी होती है. बुधवार को स्कूल के प्राचार्य गोकुल प्रसाद कुलमिया और अन्य स्टाफ सदस्य उफनता नाला पार करते हुए विद्यालय पहुंचे. उन्होंने बताया कि बारिश के दौरान नाले का पानी सड़क पर आ जाता है, जिससे आवागमन बेहद खतरनाक हो जाता है. इसके बावजूद वे विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित न हो.